संचिका सं0–10 / विविध–16–33 / 2023– ...550..(10)

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शंभु शरण,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना ।

द्वाराः– आन्तरिक वित्तीय सलाहकार ।

पटना, दिनांक– 11 / 4 /2025

**विषयः– स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत लोक स्वास्थ्य संवर्ग (Public Health Cadre) एवं अस्पताल प्रबन्धन संवर्ग (Hospital Management Cadre) के गठन हेतु आवश्यक विभिन्न स्तर के कुल 20,016 अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में।**

**आदेशः– स्वीकृत।**

महाशय,

राज्य सरकार द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रक्षेत्र तथा स्वास्थ्य सेवाएँ प्रक्षेत्र की अलग–अलग चुनौतियों, कौशल एवं विशेषज्ञता की आवश्यकताओ को दृष्टिपथ रखते हुए लोक स्वास्थ्य प्रक्षेत्र के लिए एक अलग निदेशालय यथा– "लोक स्वास्थ्य निदेशालय (Public Health Directorate)" का गठन, अस्पताल प्रबंधन के संवर्ग का सृजन (स्वास्थ्य सेवाएँ निदेशालय अंतर्गत) तथा उक्त क्रम में आवश्यक संवर्गों का गठन/पुर्नगठन एवं आवश्यक पदों का सृजन किया गया है। सम्बन्धित समेकित विवरणी अनुलग्नक–2 श्रृंखला में संलग्न है। वर्तमान में सृजित पदों में से आवश्यकतानुसार पदों को दोनों निदेशालय के मध्य संवित्तरण किया जायेगा। जहाँ पूर्व से पद उपलब्ध नहीं थे, वैसे मामले में नये संवर्गों का गठन एवं आवश्यक पदों का सृजन किया गया है। जिन मामलों में उपलब्ध पदों से आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो पा रही थी, मात्र वैसे मामलों में अतिरिक्त पदों की सृजन किया गया है। इस प्रकार आधुनिक चिकित्सा विधा में स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत तीन निदेशालय, यथा–(क) लोक स्वास्थ्य निदेशालय (Public Health Directorate), (ख) स्वास्थ्य सेवाएँ निदेशालय (Health Services Directorate) एवं (ग) चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (Medical Education Directorate) का गठन किया गया है। इन तीनों निदेशालयो के प्रमुख अलग–अलग महानिदेशक होंगे। वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत निदेशक प्रमुख के 5 (पाँच) पद सृजित है। इनमे से निदेशक प्रमुख के एक पद को प्रत्यर्पित करते हुए शेष चार पदों को महानिदेशक के रूप में नामित किया जाएगा। उक्त तीनों निदेशालयों के प्रमुख अलग–अलग महानिदेशक होंगे तथा इनके अतिरिक्त महानिदेशक–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) का एक पद होगा जो मुख्यालय का प्रशासन, शिकायत निवारण, स्वच्छता आदि का कार्य देखेंगे।

2. स्वास्थ्य सेवाएँ निदेशालय के जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जी.डी.एम.ओ.) उप–संवर्ग के चिकित्सक का पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति इनके नियुक्ति के उपरांत तीन वर्ष के लिए चिह्नित 3613 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्तर पर अनिवार्य रूप से की जाएगी, जहाँ इन पर प्रशासनिक नियंत्रण लोक स्वास्थ्य प्रबंधन निदेशालय का होगा। इस अनिवार्य पदस्थापन की अवधि मे चिकित्सा सेवा निदेशालय के जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जी.डी.एम.ओ) उप–संवर्ग के चिकित्सको को दो वर्ष की कालावधि सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपरांत जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जी.डी.एम.ओ) उप–संवर्ग में बने रहने अथवा लोक स्वास्थ्य संवर्ग (Public Health Cadre) के लोक स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी (पी.एच.एम.ओ.) उप–संवर्ग मे पार्श्व प्रवेश (Lateral Entry)/नियुक्ति/समायोजन का विकल्प योग्यता/वरीयता/आवश्यकता के आधार पर उपलब्ध होगा। इस हेतु नियमावली मे आवश्यक प्रावधान किया जाएगा।

3. लोक स्वास्थ्य निदेशालय की संरचना तथा प्रशासनिक नियंत्रण की स्थिति का चित्रांकन अनुलग्नक–3 श्रृंखला के रूप में संलग्न है। साथ ही लोक स्वास्थ्य निदेशालय (Public Health Directorate) अंतर्गत सृजित होने वाले तीन उप–संवर्ग यथा–(1) सहायक लोक स्वास्थ्य अधिकारी उप–संवर्ग (कुल आवश्यक पद–835), (2) लोक स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी उप–संवर्ग (कुल आवश्यक पद–657) तथा (3) लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ उप–संवर्ग (कुल आवश्यक पद–177) के विभिन्न पदो पर नियुक्ति, अर्हता, पदसोपान आदि अनुलग्नक–4 में वर्णित है। पूर्व से पब्लिक हेल्थ मैनेजर के 96 पद सृजित है, जिन्हें सहायक लोक स्वास्थ्य अधिकारी उप–संवर्ग में समाहित कर लिया गया है, शेष 739 पद नवसृजित हैं।

4. सृजित होने वाले पदों की विवरणी अनुलग्नक–4 से 22 के रूप में संलग्न है। सभी प्रस्तावित पदों में नये संवर्ग के मूलकोटीय पद एवं पुराने संवर्ग के अनुरूप सगत पद सोपान एवं वेतनमान में चिन्हित कुल 20,016 पदों का सृजन किया गया है। प्रत्यर्पित किये जाने वाले कुल 352 पदों से सम्बधित विवरणी अनुलग्नक–23 के रूप में संलग्न है। सृजित/गठन किये जाने वाले पदों/सवर्गो में कई पद/संवर्ग की प्रकृति के समरूप पद वर्तमान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदात्मक पदों के रूप में सृजित हैं। लोक स्वास्थ्य संवर्ग तथा स्वास्थ्य सेवा संवर्ग अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समरूप पदों का सृजन किये जाने के उपरांत भी भारत सरकार से केंद्रांश के रूप में मिलनेवाली 60 प्रतिशत राशि का उपयोग इन पदों पर किया जा सकेगा। निदेशालयों एवं संवर्गों के गठन एवं संवर्ग आवंटन आदि की कार्रवाई हेतु विहित प्रक्रिया का निर्धारण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा।

5. लोक स्वास्थ्य निदेशालय एवं स्वास्थ्य सेवाएँ निदेशालय अंतर्गत विभिन्न स्तर के कुल 20,016 अतिरिक्त पदों के सृजन तथा 352 पदों के प्रत्यर्पन के फलस्वरूप कुल रु0 2192.89 करोड (रुपये दो हजार एक सौ बानवे करोड़ नवासी लाख) मात्र का अतिरिक्त वार्षिक व्ययभार आकलित किया गया है (अनुलग्नक–24 श्रृंखला), जिसका वहन सुसंगत बजट शीर्षो के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्षों में बजट उपबध प्राप्त कर किया जाएगा।

6. प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–08.04.2025 में मद संख्या–25 के रूप में सम्मिलित एवं स्वीकृत किया गया है।

7. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–10/विविध–16–33/2023 के पृष्ठ–..64../टि0 में प्राप्त है।

8. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

9. यह मात्र राज्यादेश है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

11.4.25

(शंभु शरण)

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–10/ विविध–16–33/2023–.....550(10)/ स्वा0, पटना, दिनांक– 11/4/2025

**प्रतिलिपिः**– माननीय राज्यपाल, बिहार के प्रधान आप्त सचिव/मुख्यमंत्री सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–08.04.2025 में मद संख्या–25 के आलोक मे सूचनार्थ प्रेषित/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/सभी सबधित कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/विशेष सचिव के आप्त सचिव/सभी अपर सचिव/सभी निदेशक प्रमुख/सभी अपर निदेशक/राज्य औषधि नियंत्रक/सभी अवर सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि**– कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, स्वास्थ्य भवन, शेखपुरा, पटना /प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, स्वास्थ्य भवन, शेखपुरा, पटना/प्रशासी पदाधिकारी,बिहार राज्य स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, पटना/ महानिदेशक (आयुष)/प्रशासी पदाधिकारी, राज्य आयुष समिति, पटना।

**प्रतिलिपिः**– सभी जिला पदाधिकारी/सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि**– सभी अधीक्षक/प्राचार्य, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल/सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक/सभी निदेशक, अतिविशिष्ट अस्पताल/सभी असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11.4.25

सरकार के अपर सचिव।

अनुलग्नक– 24 श्रृखला–1

लोक स्वास्थ्य निदेशालय अंतर्गत विभिन्न संवर्गों हेतु सृजित किये जाने वाले पदों की संख्या एवं वार्षिक व्ययभार

| क्र.सं. | संवर्ग का नाम | लोक स्वास्थ्य निदेशालय अंतर्गत आवश्यक पदों की संख्या | चिकित्सा सेवा निदेशालय अंतर्गत पूर्व सृजित पदों में से लोक स्वास्थ्य निदेशालय हेतु उपलब्ध पदों की संख्या | लोक स्वास्थ्य निदेशालय हेतु आवश्यक अतिरिक्त सृजित होने वाले पदों की संख्या | आकलित वार्षिक व्ययभार (रुपये करोड में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bihar Public Health Nurse Cadre | 59842 | 59842 | 0 | |
| 2 | Cadres for Community Process Management | **534** | 0 | 534 | **34.16** |
| 3 | Entomology Cadre | **38** | 0 | 38 | **3.26** |
| 4 | Insect Collector Cadre | 118 | 118 | 0 | |
| 5 | Bihar Health Services | 4452 | 3147 | 1305 | 166.67 |
| 6 | Bihar Public Health Services | 835 | 96 | 739 | 111.85 |
| 7 | Pharmacist Cadre | 3651 | 2630 | 1021 | 73.03 |
| 8 | Laboratory Technician Cadre | 4263 | 2487 | 1776 | 134.64 |
| 9 | Data Assistant Cadre | **572** | 0 | 572 | **26.67** |
| 10 | Ophthalmic Assistant Cadre | 534 | 0 | 534 | 48.85 |
| 11 | Clerical Cadre | 1972 | 1972 | 0 | |
| 12 | Deputation from Other Departments (Personal Assistant and Account Officer) | 86 | 0 | 86 | 12.81 |
| | कुल योग– | **76897** | **70292** | **6605** | **611.94** |

(अनुमानित वार्षिक व्ययभार कुल रुपये छः सौ ग्यारह करोड चौरानवें लाख मात्र)

11/04/2025
अवर सचिव,
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना

550(10)
11-4-2025

स्वास्थ्य सेवाएँ निदेशालय अंतर्गत विभिन्न संवर्गों हेतु सृजित किये जाने वाले पदों की संख्या एवं वार्षिक व्ययभार

| क्र.सं. | सवर्ग का नाम | स्वास्थ्य सेवाएँ निदेशालय अंतर्गत आवश्यक पदों की सख्या | पूर्व सृजित पदो में से स्वास्थ्य सेवाएँ निदेशालय हेतु उपलब्ध पदों की संख्या | स्वास्थ्य सेवाएँ निदेशालय हेतु आवश्यक अतिरिक्त सृजित होने वाले पदों की संख्या | आकलित वार्षिक व्ययभार (रुपये करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bihar Health Services | 12764 | 12764 | 0 | |
| 2 | Bihar Public Health Services | 2 | 2 | 0 | |
| 3 | Pharmacist Cadre | 1586 | 1586 | 0 | |
| 4 | Laboratory Technician Cadre | 3000 | 3000 | 0 | |
| 5 | Data Assistant Cadre | **670** | 99 | 571 | **26.35** |
| 6 | Opthalmic Assistant Cadre | 672 | 326 | 346 | 27 90 |
| 7 | Clerical Cadre | 2438 | 2438 | 0 | |
| 8 | Deputation from Other Departments (Personal Assistant and Account Officer) | 85 | 61 | 24 | 3 48 |
| 9 | Bihar Nurse Cadre | 20989 | 11150 | 9839 | 1346 13 |
| 10 | Hospital Manager Cadre | **657** | 0 | 657 | **52.72** |
| 11 | Bihar Physiotherapist / Occupational Therapist Cadre | 892 | 144 | 748 | 76 19 |
| 12 | Medical Record Technician Cadre | 137 | 114 | 23 | 1.89 |
| 13 | Health Counsellor Cadre | **534** | 55 | 479 | **22.04** |
| 14 | Sanitary Supervisor Cadre | 724 | 0 | 724 | 42.66 |
| | कुल योग– | **45150** | **31739** | **13411** | **1599.36** |

(अनुमानित वार्षिक व्ययभार कुल रुपये एक हजार पॉच सौ निन्नावे करोड़ छतीस लाख मात्र)

11/04/2025

अवर सचिव,
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना

550(10)
11-4-2025

अनुलग्नक—23

## प्रत्यर्पित होने वाले पदों एवं प्रत्यर्पण के फलस्वरूप होने वाले बचत की विवरणी

| क्र.सं. | पद का नाम | वेतन लेवल | कुल स्वीकृत पदों की सख्या | प्रत्यर्पित होने वाले पदो की संख्या | शेष पद | प्रत्यर्पण के फलस्वरूप बचत (राशि करोड रूपये मे) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निदेशक प्रमुख | 14 | 4 | 1 | 3 | 0.41 |
| 2 | कीट संग्रहक | 1 | 149 | 31 | 118 | 1.77 |
| 3 | क्षेत्रीय लिपिक संवर्ग के लेवल –2 के पद | 2 | 4514 | 320 | 4194 | 16.23 |
| | **योग–** | | **4667** | **352** | **4315** | **18.41** |

11/04/2025
अवर सचिव
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।

550(10)
11-4-2025